बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

Truth will Triumph

श्री कृष्ण मुरारी शर्मा

अध्यक्ष
बैद्यनाथ प्रसाद
(बी. एन. प्रसाद)
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या 4

दिनांक 9-1-05

दिनांक 08.01.05 को सम्पन्न केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही

---

1. उपस्थिति पंजी के अनुसार ।
2. बैठक की अध्यक्षता श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, संयुक्त सचिव, खाद्य आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग द्वारा की गयी ।
3. सर्वसम्मति से गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गयी ।
4. बैठक में मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक स्व0 के0 सी0 सुरेन्द्र बाबू की हत्या की घोर भर्त्सना की गयी एवं उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया । सदस्यों द्वारा यही मांग किया गया है कि क्षेत्र में पदस्थापित प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों की सरकार पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराए ।

   स्व0 अशोक राजवत्स, तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अरियरी (शेखपुरा) की हत्या के फलस्वरूप अनुग्रह अनुदान एवं विशेष पेंशन इत्यादि के अब तक भुगतान नहीं किए जाने पर सदस्यों द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं सदस्यों ने मांग किया कि इस सम्बन्ध में सरकार शीघ्र कार्रवाई करें । स्व0 वत्स के आश्रितों के सहायतार्थ बेगूसराय, समस्तीपुर, शेखपुरा, बक्सर, जमुई, औरंगाबाद, नवादा एवं अन्य जिलों से जो राशि भेजी गयी है, उसकी कार्यकारिणी समिति की बैठक में सराहना की गयी ।
5. सुनामी लहर से जान माल की तबाही पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी एवं इस प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । निर्णय लिया गया कि तत्काल पचीस हजार रूपए की सहायता राशि प्रधानमंत्री सहायता कोष से प्रथम किस्त के रूप में चेक द्वारा भेजी जाय । साथ ही सभी जिला इकाईयों से उनके जिलान्तर्गत कार्यरत पदाधिकारियों से एक दिन के वेतन की राशि एकत्र कर केन्द्रीय समिति को उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया ।
6. निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशासनिक सेवा भवन के तीन कमरों को अधिग्रहण करने पर चिंता व्यक्त किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि बुथ संख्या 121, 126, 124 - पटना पश्चिमी विधान सभा क्षेत्र को बगल के सरकारी भवन यथा समाजिक सुरक्षा, विद्युत बोर्ड कार्यालय में हस्तान्तरित हेतु पत्राचार किया जाय ।
7. संघ के कर्मचारी श्री हेमन्त कुमार सिंह का वेतन 01.01.05 से 150/- रू0 प्रति माह बढ़ाने हेतु निर्णय लिया गया । साथ ही भवन के रंगाई-पुतायी एवं विद्युत कार्यो के लिए पूर्व में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त चार हजार रूपए स्वीकृत किए गए ।

Truth will Triumph

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
श्री कृष्ण मुरारी शर्मा
(बी. एन. प्रसाद)
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या

दिनांक

8. संघ द्वारा अराजपत्रित कर्मचारियों के मांगों एवं उनके समर्थन में अनिश्चित कालीन हड़ताल को पूर्व में नैतिक समर्थन दिया गया था । कार्यकारिणी समिति द्वारा सरकार से पुनः मांग किया गया कि सरकार उनके मांगों पर शीघ्र विचार करते हुए सम्मानजनक समझौता करें ।

9. अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी ।

(कृष्ण मुरारी शर्मा)
कार्यकारी अध्यक्ष

प्रतिलिपि :- उपाध्यक्ष/कोषाध्यक्ष/संयुक्त सचिव/केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव ।

प्रतिलिपि :- मुख्य सचिव, बिहार सरकार/सचिव, गृह विभाग/सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग/आरक्षी महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कारवाई हेतु प्रेषित ।

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव ।